बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
India's International Bank

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ़ बड़ौदा जून, 2018 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा करता है

गुणवत्ता वृद्धि; सभी प्रमुख परिचालन मैट्रिक्स में सुधार; एनपीए में स्थिरता; और डिजिटल बैंकिंग के अगले चरण की ओर अग्रसर

मुख्य बिन्दु (स्टैण्डअलोन आधार पर)

- शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) के साथ-साथ कोर शुल्क आय में वृद्धि द्वारा जून 2018 के लिए परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष एवं तिमाही-दर-तिमाही क्रमश: 13.52% तथा 12.80% वृद्धि दर्ज करते हुए रू. 3,006 करोड़ रहा.
- शुद्ध लाभ रू. 203 करोड़ से वर्ष-दर-वर्ष 160.10% की वृद्धि के साथ रू. 528 करोड़ हो गया.
- एनआईएम पिछले तिमाही के दौरान 2.51% से सुधरकर जून, 2018 में 2.65% हो गया.
- घरेलू ऋण 19.84% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की. खुदरा ऋण वृद्धि वर्ष-दर-वर्ष 33.85% रहा और जिसमें खुदरा ऋण, गृह ऋण में वृद्धि 43.47% रही.
- पीसीआर लगातार उच्च रहा. 31 मार्च, 2018 को क्रमश 67.21% और 58.42% की तुलना में 30 जून, 2018 को टीडब्ल्यूओ सहित पीसीआर में वृद्धि 69.11% और टीडब्ल्यूओ रहित पीसीआर 59.94% वृद्धि हुई.
- शुद्ध एनपीए अनुपात 31 मार्च, 2018 को 5.49% से घटकर 30 जून, 2018 को 5.40% रहा. शुद्ध एनपीए की समग्र राशि रू. 1099 करोड़ तिमाही-दर-तिमाही कम हुई.
- उपर्युक्त नियामकों मानको पर पूंजी पर्याप्तता अनुपात 12.13% और सीईटी-1 9.27% जारी रहा. समेकित पूंजी पर्याप्तता अनुपात 12.84% उच्च रहा.
- रूपांतरण यात्रा लगातार जारी है जो नए संगठन की संवृद्धि और सुधार दोनों में परिलक्षित हो रहा है. उत्कृष्टता, भागीदारी और डिजिटल गठबंधनों के माध्यम से “बैंक ऑफ़ फ्यूचर” की ओर आगे बढ़ रहे हैं.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 27 जुलाई, 2018 को अपने निदेशक मंडल की मंजूरी के बाद वित्त वर्ष 19 की पहली तिमाही के लिए अपने लेखा परीक्षित परिणामों की घोषणा की.

परिणाम- एक नजर में (स्टैंडअलोन आधार पर)

सभी आंकड़े रु. करोड़ में

विवरण	तिमाही परिणाम		
	पहली तिमाही वित्त वर्ष 19	पहली तिमाही वित्त वर्ष 18	परिवर्तन (%) में
कुल आय	**12,788**	**12,104**	**5.65**
ब्याज आय	11,640	10,553	10.30
ब्याज खर्चे	7,259	7,148	1.55
शुद्ध ब्याज आय(एनआईआई)	**4,381**	**3,405**	**28.66**
ग्राहक शुल्क आधारित आय	**794**	**680**	**16.76**
ग्राहकों का राजस्व	**5,175**	**4,085**	**26.68**
अन्य गैर-ब्याज आय	**354**	**871**	**(59.35)**
कुल अन्य आय	1,148	1,551	(25.98)
परिचालन आय (एनआईआई+ अन्य आय)	**5,529**	**4,956**	**11.56**
कुल व्यय	**9,782**	**9,456**	**3.45**
परिचालन व्यय	2,523	2,308	9.32
जिसमें से कर्मचारी लागत	1,101	1,015	8.47
परिचालन लाभ	**3,006**	**2,648**	**13.52**
कुल प्रावधान	**2,477**	**2,445**	**1.31**
जिसमें से एनपीए हेतु प्रावधान	1,760	2,157	(18.41)
जिसमें से कर के लिए प्रावधान	312	77	305.19
शुद्ध लाभ	**528**	**203**	**160.10**

व्यवसाय

- **कासा जमाराशियां** वर्ष-दर-वर्ष **11.60%** की वृद्धि दर्ज की.
- **कुल घरेलू जमाराशियों में कासा जमाराशियों** का प्रतिशत जून, 2017 के **38.77%** से बढ़कर 30 जून, 2018 को **40.82%** हो गई.

- **घरेलू जमाराशियां** 30 जून, 2017 को **4,35,364** करोड़ की अपेक्षा **6.01%** की वृद्धि के साथ जून, 2018 को **रू. 4,61,509** करोड़ रहीं.
- **घरेलू अग्रिम** 30 जून, 2017 को **2,72,369** करोड़ की अपेक्षा **19.84 %** की वृद्धि के साथ जून, 2018 को **रू. 3,26,400** करोड़ हो गया.
- **कुल अग्रिम (शुद्ध)** 30 जून, 2017 के **रु. 3,77,607 करोड़** की तुलना में 30 जून, 2018 को 9.77 % की वृद्धि के साथ **रु. 4,14,517 करोड़** रहा. हालांकि, खरीददारों द्वारा खरीदी बंद किए जाने के कारण क्रमिक आधार पर अग्रिम में 3.02% की गिरावट आई, विनियमनों में बदलाव होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय बही में क्रेडिट पोर्टफोलियो रू. 21,682 रहा.
- **तिमाही समाप्ति पर** बैंक के **विदेशी परिचालन** की हिस्सेदारी पिछली तिमाही 22.33% से घटकर **20.89%** हो गई.
- बैंक का **कुल व्यवसाय** 30 जून, 2017 के **रू. 9,48,215 करोड़** की अपेक्षा 30 जून, 2018 को **5.04%** की वृद्धि के साथ **रू. 9,96,001 करोड़** रहा.

<u>परिचालनगत कार्यनिष्पादन</u>

- बैंक का परिचालनगत लाभ 13.52% वर्ष-दर-वर्ष और 12.80% तिमाही-दर-तिमाही की वृद्धि के साथ रू. 3,006 करोड़ रहा.
- **शुद्ध लाभ रू. 203 करोड़** से **160.10%** वर्ष-दर-वर्ष के साथ **रू. 528 करोड़** रहा.
- उपर्युक्त लाभ स्तर ग्रैच्यूटी देयता की वृद्धि होने के कारण रू. 291 करोड़ की संपूर्ण परिशोधित राशि को पी एंड एल में प्रभारित करने के लिए लेखांकन के पश्चात है.
- शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) वर्ष-दर-वर्ष 28.66% और तिमाही-दर-तिमाही 9.47% की वृद्धि हुई. परिचालन आय (एनआईआई + अन्य आय) में वर्ष-दर-वर्ष 11.56% की वृद्धि हुई.
- कोर शुल्क आय वर्ष-दर-वर्ष 16.76% की वृद्धि के साथ रू. 794 करोड़ रही.

<u>आस्ति गुणवत्ता</u>

- कार्पोरेट क्रेडिट पोर्टफोलियो का जोखिम प्रोफाइल में पिछली तिमाही 52.37% की अपेक्षा पोर्टफोलियो का 63.31% गठित ए और उससे ऊपर रेट किए खातों के साथ सुधार हुआ.
- इसी प्रकार खुदरा ऋण पोर्टफोलियो के जोखिम प्रोफाइल ग्राहकों के क्रेडिट स्कोर 725 से अधिक होने के साथ पिछली तिमाही के 63% से सुधरकर 82% हो गया.

- बैंक का सकल एनपीए (जीएनपीए) 31 मार्च, 2018 के रू. 56,480 करोड़ की तुलना में 30 जून, 2018 को रू. 55,875 करोड़ था. जीएनपीए अनुपात 12.46% था.
- शुद्ध एनपीए अनुपात मार्च, 2018 तिमाही के 5.49% से घटकर जून, 2018 को 5.40% हो गया. शुद्ध एनपीए की समग्र राशि तिमाही-दर-तिमाही रू. 1099 करोड़ कम हुई.
- खराब ऋणों पर प्रावधान वर्ष-दर-वर्ष 18.41% और तिमाही-दर-तिमाही 75.05% कम हुआ है.
- 30 जून, 2018 को एनसीएलटी 1 सूची के तहत खाते का एक्सपोजर **रू. 5,813** करोड़ है और एनसीएलती 2 सूची **रू. 3,843** करोड़ है.
- एनसीएलटी 1 तथा एनसीएलटी 2 सूची के तहत प्रावधान कवरेज क्रमश: 64.43% और 62.76% है.

<u>पूंजी पर्याप्तता</u>

- बैंक का **पूंजी पर्याप्तता अनुपात** 12.13% के साथ विनियामक मानदंडों से लगातार ऊपर बना रहा. टियर 1 पूंजी अनुपात 10.50 % एवं सीईटी 1 पूंजी 9.27 % थी.
  समेकित पूंजी पर्याप्तता अनुपात 12.84% उच्चतर रहा.

<u>बैंक का रूपांतरण</u>

व्यापक व्यवसाय रूपांतरण यात्रा जो 2016 में शुरू हुई थी, में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है. यात्रा का उद्देश्य हमारे उत्पाद क्षमता को अद्यतन करना, प्रक्रियाओं में सुधार लाना और बेहतर रिलेशनसिप प्रबंधन है जिससे बैंक ग्राहकों के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में सेवा प्रदान करने में सक्षम हो सके.

हालांकि शुरूआती पहल समकक्ष समूहों में श्रेष्ठता प्राप्त करनी थी, लेकिन अब फोकस आगे की ओर बढ़ने और भविष्य का बैंक बनने की ओर है.

भविष्य का बैंक बनने की इस यात्रा में, बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रहा है कि हमारे कर्मचारियों के समय का एक बड़ा हिस्सा ग्राहकों के साथ व्यवसाय को बढ़ाने के लिए उपलब्ध हो और गुणवत्ता पूर्ण सलाह उपलब्ध कराए जाएं जो ग्राहकों को आगे ले जा सके. इस दिशा में, बैंक का फोकस डिजिटलीकरण, सीधी प्रक्रियाओं(एसटीपी) को बनाना, और ग्राहकों को अपने पीसी, टैबलेट या स्मार्टफोन के माध्यम से अपने लेन-देन करने के लिए सक्षम बनाना है.

बैंक एनलिटकल इंजन का निर्माण कर रहा है जो हमारे ग्राहकों की आवश्यकताओं, निर्णय लेने के लिए डाटा प्रदान करना, और आर्किटेक्चर को बढ़ाने के लिए सहायता करेगा. बैंक ने भागीदारी के साथ डिजिटल रूपांतरण को आगे बढ़ाना शुरू किया है जो नवोन्मेषिता के संकल्प और श्रेष्ठ ग्राहक अनुभव पर जोर देगा. बैंक का आईटी सेंटर ऑफ़ एक्सिलेंस नए डिजिटल प्रौद्योगिकी, तकनीकी संसाधनों के पूल के माध्यम से डिजिटल रूपांतरण को आगे बढ़ाएगा तथा फिनटेक इकोसिस्टम के सहयोग से समस्याओं का निदान करेगा. बैक ऑफ़िस प्रक्रियाओं और आईटी में सेंटर ऑफ़ एक्सिलेंस स्थापित करके, बैंक अनुपालन आधार को मजबूत भी कर रहा है.

बैंक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक रूप से अग्रणी और आधुनिक बैंक बनने के लिए पूंजी, तरलता और उपर्युक्त रूपांतरण उपायों के साथ मजबूत स्थिति में है. बोर्ड, प्रबंधन और कर्मचारी एक सुनहरे भविष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं.

27 जुलाई, 2018
मुंबई